हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

06 लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद अधिकारी और...




09 बिना डिग्री कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर बन 3 साल से देख रहा था मरीज






## बढ़ते अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों और आम लोगों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

# अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन, मार्किंग लाइन लांघी तो लगेगा स्पॉट फाइन

जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि हटाया गया कब्जा दोबारा न उभर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर शहर की सड़कें अब सड़कें कम और अवैध कब्जों का अड्डा ज्यादा लगने लगी हैं। मुख्य बाजार से लेकर गलियों तक, पक्के और कच्चे अतिक्रमणों ने जनजीवन की रफ्तार ही रोक दी है। दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने से रोजाना ट्रैफिक जाम, झगड़े और हादसे आम हो चुके हैं। जनता रोजाना परेशानी की आग में झुलस रही है, लेकिन जिम्मेदारों की तरफ़ से खामोशी ने नाराजगी बढ़ा दी थी। सीएम हेल्पलाइन और नगर पालिका में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार अब नपा एक्शन मोड में आई है।

### अब मार्किंग लाइन होगी शहर की नई सीमा

नगर पालिका ने बाजार क्षेत्र में चूने से मार्किंग लाइन डालने की तैयारी कर ली है। दुकानों के सामने दोनों ओर यह लाइन तय सीमा घोषित करेगी। कोई भी व्यापारी या ठेले वाला इस सीमा के पार सामान फैलाता है तो पहले ही मौके पर चेतावनी के साथ न्यूनतम ₹500 और अधिकतम ₹5000 तक स्पॉट फाइन वसूला जाएगा। जिस क्षण सीमा टूटेगी, उसी क्षण जुर्माने की कार्रवाई होगी, यानी अब चेतावनी पर नहीं, सीधे सख्ती पर शहर चलेगा। दोहराने वालों पर कठोर कानूनी कार्यवाही का रास्ता भी खुला रहने वाला है।



### दो सप्ताह में शुरू होगा बड़ा अभियान

लगातार शिकायतें और भरी हुई गलियों ने प्रशासन को अब निर्णायक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। दो सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की जाएगी। शुरुआत मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों से होगी, फिर पूरे शहर में अभियान चलेगा। गैरकानूनी कब्जों पर बुलडोजर जैसी कार्रवाई के लिए भी तैयारी की जा चुकी है। नगर पालिका के अतिक्रमण हटाओ दल प्रभारी तिलक खाती के अनुसार अतिक्रमण हटाओ मुहिम जल्द शुरू होगी, मार्किंग लाइन लांघते ही स्पॉट फाइन तय है।

**व्यापारियों के साथ बैठक-सहयोग और सख्ती दोनों साथ** : नपा ने व्यापारियों की बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। बैठक में दुकानदारों को स्पष्ट कर दिया जाएगा कि सड़क सार्वजनिक है, दुकान का विस्तार नहीं। उनसे सहयोग की अपेक्षा की जाएगी, पर असहयोगियों को अनदेखा करने का विकल्प नहीं होगा। प्रशासन का मानना है कि शहर को व्यवस्थित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, लेकिन जहां नियमों की अनदेखी होगी, वहां कार्रवाई ही अंतिम भाषा होगी।

### ठेले और अवैध पार्किंग बनी बड़ी समस्या

बड़ा बाजार, गांधी रोड, तहसील चौराहा, कोतवाली चौराहा, इंदौर नाका और भोपाल नाका जैसे इलाकों में ठेले वालों की मनमानी और अवैध पार्किंग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बन चुकी है। कई बार वाहन ठेले से टकरा जाते हैं और हादसे होते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं। लोग प्रतिदिन डर, झुंझलाहट और तनाव के बीच बाजार से निकलते हैं। अब उम्मीद बढ़ी है कि मार्किंग लाइन और सख्त जुर्माना इस अराजक व्यवस्था पर आखिरकार ब्रेक लगाएगा।

### शहर में आई टोइंग वैन



बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों के लिए बुरी खबर शहर में आ गई है टोइंग वैन, अब इस टोइंग वैन से यातायात विभाग के जवानों द्वारा उन गाड़ियों को टो करके ले जाया जाएगा जो यातायात में बाधक बनती हैं। चालानी कार्रवाई के बाद ही वाहन छोड़ा जा सकेगा। इसलिए अब ध्यान देना कि वाहन हर कहीं पार्क न हो।

### सख्ती के साथ निगरानी तभी बदलेगा शहर

जिन स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां नियमित निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि हटाया गया कब्जा दोबारा न उभर आए। नपा टीम वार्डों का नियमित भ्रमण कर स्थिति का अवलोकन करेगी। शहर में इस समय 200 से अधिक जगहों पर कब्जे हैं, जिनमें कई स्थानों पर सड़क संकरी होकर गली जैसी बन चुकी है। ट्रैफिक, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड तक को निकलने में दिक्कत होती है। लोगों का जीवन दांव पर है, इसलिए सख्ती अब बेहद जरूरी हो गई है।

### खबर संक्षेप में



**करबला पुल पर पानी बहने से हादसे का रहता है खतरा**

**सीहोर** । शहर के करबला पुल पर इस समय भी पानी ऊपर से बह रहा है। इस कारण सड़क पर फिसलन हो रही है। यहां वाहन चालकों को गिरने का खतरा रहता है। यह पुल सालों पुराना है। इसकी ऊंचाई कम है, जिससे सीवन नदी का पानी ऊपर से बहता है। बरसात में हालत यह हो जाती है कि यह मार्ग काफी समय तक बंद रहता है। बारिश के दिनों में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। पुल के दोनों ओर रेलिंग नहीं होने से समस्या है। यहां से नीचे गिरने का खतरा रहता है। आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कई लोग बारिश के समय पुल के ऊपर से निकलते समय बह चुके हैं। कई गाड़ियां भी पुल से नीचे गिर चुकी हैं। यह सड़क गणेश मंदिर भी जाती है। मंत्री पेट्रोल पंप इंदौर नाका से लोग गणेश मंदिर इसी मार्ग से जाते हैं। इसलिए इस पुल की जगह नया और अधिक ऊंचाई का पुल बनाया जाना चाहिए, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। लंबे समय से इसे बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

## दत्तक ग्रहण विषय पर कार्यशाला आयोजित



**सीहोर**। संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार सीहोर जिले में दत्तक ग्रहण (अडॉप्शवन) एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बुधवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास के विभाग, पुलिस विभाग एवं बाल कल्यादण समिति के अध्यभक्ष एवं सदस्योंस की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का प्रारंभ में सर्जना यादव महोदया जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया एवं दत्तक ग्रहण के संबंध सभी प्रतिभागियों को अपनी भूमिका अनुसार बेहतर एवं बच्चों के सर्वोत्तएम हित में कार्य करने हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

ज्ञानेश कुमार खरे, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उक्त कार्यशाला का उदेश्य एवं इसकी आवश्यअकता के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए जिज्ञासा पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्ता करने हेतु सभी हितधारको को निर्देश दिए गए। दत्तक ग्रहण एवं फॉस्टर केयर से दत्तक ग्रहण विषय पर तिलक दास बैरागी बाल कल्यापण समिति के सदस्यभ द्वारा पीपीटी के माध्यबम से बिन्दुसवार विस्ताएर पूर्वक सभी को जानकारी प्रदाय की गई। प्रतिभागियों के द्वारा भी कई बिन्दुकओं पर प्रशन किए जिनका निराकरण मोके पर किया गया।

कार्यशाला का संचालन रवि राठौर बाल कल्यापण समिति सदस्यक द्वारा किया गया एवं अध्ययक्ष मान सिंह सेन द्वारा सभी प्रतिभागियों को उक्तय प्रशिक्ष ण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। उक्त कार्यशाला में प्रतिभागी के रूप में परियोजना अधिकारी समस्तश जिला सीहोर, एवं पर्यवेक्षक समस्तर जिला सीहोर एवं बाल कल्यारण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड एवं जिला कायालर्य के अधिकरी कर्मचारी एवं महिला एवं बाल विकास के सपोर्ट पर्सन समस्तो उपस्थित हुए एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## कलेक्टर ने सोयत में निर्माणाधीन तहसील का मौका मुआयना किया



**नलखेड़ा**। कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को सोयत में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखी और कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय का निर्माण समय सीमा में पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को मार्च 2026 के पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की निर्माण कार्य का समय-समय पर निरीक्षण करें और कार्यालय के आसपास की शासकीय जमीन का सीमांकन कर बाउंड्री करवाई जाए। इस अवसर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, तहसीलदार, पीआईयू विभाग के श्री अगरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





## कलेक्टर ने सुसनेर में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**नलखेड़ा**। कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा गुरूवार को त्रिस्तरीय -पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सुसनेर का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत सदस्य के लिए होने वाली मतों की गणना के लिए मतगणना कक्ष में टेबुलेशन, परिणाम की घोषणा आदि के बारे में चर्चा की एवं विस्तृत निर्देश दिए। कलेक्टर ने आईटीआई परिसर का भी भ्रमण कर साफ सफाई रखने और क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए निर्देश संस्था प्राचार्य को दिए। इस अवसर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमान अष्टमी पर आज होंगे विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा







हनुमान अष्टमी पर आज शुक्रवार को नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। नगर में स्थित पांडव कालीन चमत्कारी बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर महाआरती के साथ प्रसादी वितरण किया जाकर संध्या काल में सुंदरकांड का आयोजन होगा । मां बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा जिसके पाश्चयात प्रसादी का वितरण किया जावेगा। इसके साथ ही श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर श्री पायगा वाला हनुमान मंदिर श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ महाआरती आदि धार्मिक आयोजन होंगे। नगर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिरों पर आकर्षक विद्युत रोशनी भी की गई है।



## हनुमान अष्टमी पर श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर में विशेष श्रृंगार कर महाआरती होगी संपन्न

**नलखेड़ा**। हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर अंजनी लाल का विशेष श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी अंकित शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। पर्व को लेकर मंदिर तथा मंदिर परिसर पर साज-सज्जा कर विद्युत रोशनी से जगमगाया जाएगा। वही उन्होंने बताया कि अंजनीलाल का मनोहारी श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसके पश्च्यात दोपहर 12.30 बजे से संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तगण भाग लेंगे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**भौरासा।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान शिक्षक - छात्र की उपस्थिति एवं पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी ली गई। छात्रों से चर्चा करते हुए बोर्ड परीक्षा की तैयारी एवं शैक्षिक स्तर को जाना तथा उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी हरीसिंह भारतीय ने बोर्ड परीक्षा में विगत वर्ष की तरह ही शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट वाहनों पर आरटीओ ने की चालानी कार्रवाई



**देवास।** जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा देवास शहर से लगी सीमाओं पर वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के प्रदूषण सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में वाहनों में पीयूसी (प्रदूषण सर्टिफिकेट) सहित अन्य दस्तावेजों बीमा, फिटनेस नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें 11 वाहनों में पीयूसी नहीं पाए जाने पर कुल राजस्व 55 हजार रुपए वसूला गया तथा 05 वाहन स्वामी द्वारा चालान न भरने पर वाहनों को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया। चौहान ने बताया कि घटते हुए एयर क्वालिटी इंडेक्स के मद्देनजर देवास शहर में संचालित वाहनों में सख्ती से प्रदूषण के रोकथाम के लिए पीयूसी सर्टिफिकेट की जांच लगातार की जा रही है। सभी अपने वाहनों में पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाकर वाहनों का संचालन करें जिससे प्रदूषण को कम किया जा सकें।

### विवादों का कार्यालय बना घाट के नीचे का परियोजना कार्यालय बागली

# लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद अधिकारी और कर्मचारी के आरोप-प्रत्यारोप का दौर

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, वर्षों से जमे कर्मचारी, रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विगत कई वर्षों से महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय बागली घाट विवादों का कार्यालय बन चुका है। जहां पर मजबूत लीडरशिप ना होने के कारण पूरा सिस्टम बदहाल हो चुका है। निचले कर्मचारियों की मनमानी एवं कार्यों में लापरवाही के चलते आए दिन उक्त कार्यालय किसी ना किसी अनैतिक कार्यों को लेकर चर्चा में रहता है। पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति को लेकर भी महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय बागली काफी चर्चा में रहा है। बदहाल सिस्टम को लेकर भी हमेशा यहां पर शासन की यजनाओं का माखौल उड़ता दिखाई देता है। लंबे समय से उक्त कार्यालय प्रभारियो के भरोसे से चल रहा था। इसके बाद राम प्रवेश तिवारी की यहां पर नियुक्ति की गई थी, जिसके बाद सिस्टम में कुछ सुधार हुआ लेकिन इस दौरान भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति में गड़बड़ व रिश्वतखोरी का मामला सामने आया था। इसके बाद आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिका के नाम पर भी लाखों रुपए का गबन होने का मामला सामने आया है। इसी बीच बुधवार के दिन परियोजना अधिकारी को रिश्वत लेते हुए देवास में लोकायुक्त की टीम ने धर दबोचा। उक्त कार्रवाई को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं हो रही है, लेकिन इस दौरान अधिकारी कर्मचारी की बयान बाजी के बीच में एक नई बात भी निकाल कर सामने आ रही है। लोकायुक्त की कार्रवाई से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों के बीच लगाए जा रहे आरोप प्रत्यारोप की चर्चाएं हो रही है। हालांकि इन आरोप प्रत्यारोपों में कितनी सच्चाई है यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही पता चल सकता है। लेकिन महिला बाल विकास परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी की निष्क्रियता एवं अनदेखी के कारण बागली अनुविभाग में महिला बाल विकास विभाग की दशा बुरी होती दिखाई दे रही है। वही मुख्यालय व जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण आए दिन उक्त विभाग चर्चाओं में रहता हैं




### तिवारी का आरोप- पंड्या और तंवर ने किया है लाखों का गबन

लोकायुक्त कार्यवाही के बाद परियोजना अधिकारी रामप्रवेश तिवारी व पर्यवेक्षक पंडया के विडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें एक दुसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। विडियो के आधार पर तिवारी ने बताया कि इसी सप्ताह बागली परियोजना घाट नीचे 17 साल से पदस्थ पर्यवेक्षक उषा पंडया पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा है। 2024 में भारत सरकार द्वारा हर आंगनवाड़ी केंद्र के लिए 26-26 हजार रुपए दिए गए थे। पर्यवेक्षक ने 27 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से 18-18 हजार रुपए लिए हैं, जिसके प्रमाण मुझे कार्यकर्ताओं ने दिए। मैंने कुछ समय पहले जिला पंचायत कार्यालय में उषा पंडया और शिकायतकर्ता प्रीतेश तंवर पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिवेदन भेजा था। उषा पंडया और शिकायतकर्ता दोनों ने शासन का 10 लाख रुपए का गबन किया है। जांच में स्पष्ट हो जाएगा। मुझे षड़यंत्र के तहत फंसाया गया है। शिकायतकर्ता ने मेरी कार रोकी और बैठ गया। बोला सर आप कार चला रहे हैं। मैं चला लेता हूं। उसने कार चलाई बोला बस स्टैंड छोड़ देना। फिर रोककर उतर गया। डिक्की में लिफाफा रख दिया। लोकायुक्त टीम ने रोक लिया। मैंने कोई पैसा नहीं लिया। नीचे की अदालत के बाद ऊपर भी एक अदालत है। .... उषा पंडेया का भी एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। जिसमें वह तिवारी पर आरोप लगाते हुए बता रही है कि तिवारी व्दारा कार्यकर्ताओं पर दबाव डालकर गलत तरीके से बयान लिए गए हैं। पंडया ने कहा कि लोकायुक्त कार्यवाही अलग है,और उस के संबंध में हो रही जांच अलग है। यह सब देखने के बाद यह लगता है कि अधिकारी व कर्मचारी के बीच आरोप प्रत्यारोप की प्रतियोगिता चल रही है। हालांकि यह सब कुछ एक जांच का विषय है। वरिष्ठ अधिकारी अब किस प्रकार निष्पक्ष जांच करते हैं। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल मस्कोले ने बताया कि महिला बाल विकास विभाग सरकार का एक अहम विभाग है। जिसके माध्यम से बच्चों महिलाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होती है, लेकिन बागली मुख्यालय की बात की जाए तो यहां पर उक्त विभाग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए और यहां की स्थिति को सुधारना चाहिए। जिससे की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच सके। कार्यालय के मतभेद के कारण योजनाएं प्रभावित हो रही है।

# बरझाई घाट पर 5 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक

### सड़क हादसे में चालक की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित धनतलाव घाट की बदहाल स्थिति के चलते आए दिन घाट पर जाम लगता है जिसके कारण चापड़ा चौराहे से मार्ग को डाइवर्ट कर दिया जाता है। घाट पर जाम होने के दौरान चापडा से बागली पुंजापुरा होते हुए वाहन कन्नौद खातेगांव के लिए जाते हैं। ऐसे में यहां पर वाहन चालकों को हादसे का शिकार होना पड़ रहा है।

बरझाई घाट काफी लंबा घाट है, जिसे जलेबी घाट भी कहा जाता है। लंबा घाट होने के साथ ही अधिक मोड़ होने के कारण नए वाहन चालक यहां की स्थिति को नहीं भाप पाते और हादसे का शिकार हो जाते हैं। बुधवार के दिन धनतलाब घाट पर लंबा जाम लगा हुआ था जिसके कारण चापड़ा से मार्ग को डाइवर्ट कर पुंजापुरा बागली होते हुए वाहन कन्नौद खातेगांव के लिए जा रहे थे। इस दौरान बरझाई घाट पर ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया जिसमें चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बागली पुलिस व पुंजापुरा 112 पायलट राजकुमार, सैनिक प्रेमसिंह टेगोर मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकाल कर शासकीय अस्पताल बागली लेकर आए। जहां पर डॉक्टरो ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक अकबरपुर से सतवास के लिए निकला था, धनतलाब घाट पर जाम होने के कारण वह पुंजापुरा तरफ से सतवास जा रहा था तभी बरझाई घाट पर भैरू मंदिर मोड पर हादसे का शिकार हो गया। मृतक लखन पिता राधेश्याम मीणा निवासी अकबरपुर बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने लगभग 50 फिट से अधिक गहराई में रस्सी बांधकर निचे उतर कर चालक को अन्य लोगों की मदद से उपर लाया गया।

# 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रतियोगिता से खिलाड़ी निखरता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ता है। यह विचार 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पायोनियर पब्लिक स्कूल में विधायक गायत्री राजे पवार ने प्रकट किए। 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (14,17,19 वर्ष बालक, बालिका समूह) गुरुवार से शुरू हुई। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 11 से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होगी।

कार्यक्रम के अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव,महापौर गीता अग्रवाल , विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव थे। स्वागत भाषण हरि सिंह भारती जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया। अतिथियों का स्वागत विश्व मित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते, जिला क्रीड़ा अधिकारी भारती, माया मालवीय,प्रवीण सांगते, महेश




सोनी,मनीष जायसवाल, गौरव कदम, प्रीति पवार,विपुल चौहान,विजय वर्मा,सुनील चौधरी ,राजेश सोलंकी,ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पायोनियर पब्लिक स्कूल एवं चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा प्रस्तुत किए। खिलाड़ियों को शपथ आदित्य बालोदिया अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सॉफ्ट टेनिस ने दिलाई। संगठन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीम के 500 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल हो रहे है। प्रतियोगिता के मैच स्पोर्ट्स पार्क टाटा चौराहा, पुलिस लाइन ,एवं पायोनियर पब्लिक स्कूल में संपन्न होंगे।

### करणी सेना के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर पहुंचे देवास



**देवास।** हरदा में 21 दिसंबर को प्रस्तावित जन क्रांति न्याय आंदोलन यात्रा की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। इसी के तहत करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर गुरुवार को देवास पहुंचे। यहां राजपूत समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया।इसके बाद सयाजी द्वार से एक विशाल रैली निकाली गई। रैली में राजपूत समाज के साथ-साथ विभिन्न समाजों के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। रैली के दौरान आंदोलन के प्रति लोगों में उत्साह दिखा और यात्रा के समर्थन में नारे लगाए गए।रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भोपाल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। यहां जीवन सिंह शेरपुर ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शेरपुर ने बताया कि करणी सेना 21 सूत्री मांगों को लेकर हरदा ने जन क्रांति न्याय यात्रा आयोजित करेगी। शेरपुर ने दावा किया कि न्याय यात्रा में समाज का हर वर्ग शामिल होगा और 21 दिसंबर को हरदा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# नगर में चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम, बाबा भंवरनाथ मार्ग पर लोगों ने स्वेच्छा से हटा लिए अपने किए कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

गुरुवार को नगर में वार्ड क्रमांक 6 में छोटे हनुमान चौक मंत्री जी की दुकान से लेकर स्थानीय भारत कुंभकार के घर तक अतिक्रमण मुहिम चलाई गई, जिसमें लोगों द्वारा नालियों व रोड़ पर अपने पक्के निर्माण कर लिए गए थे जिन्हें आज वार्ड क्रमांक पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव के अथक प्रयास से लोगों ने अपनी स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटाए। वहीं पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि यहां पर आए दिन लोगों को निकलने में परेशानियां होती थी व कई बार वाहन निकालने में विवाद खड़े होते थे जिसको लेकर गुरुवार को लोगों द्वारा अपनी स्वेच्छा व अपनी मर्जी से अतिक्रमण हटाए गए है। अतिक्रमण हटवाने के बाद दोनों साइड नालियां एवं रोड निर्माण कराया जाएगा जिससे लोगों को आ रही समस्याओ से निजात मिलेगी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार नेहा शाह, थाना स्टाफ व नगर परिषद



कर्मचारी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 6 के निवासी प्रदीप मंत्री का कहना है कि यहां रोड की काफी समस्या थी लोगों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिसको लेकर हमारे द्वारा वार्ड पार्षद से रोड निर्माण एवं नाली निर्माण की मांग की गई थी जिस पर पार्षद द्वारा लोगों की सहमति से दो-दो फीट ओटले तुड़वाकर रोड़ एवं नाली निर्माण कराया जाएगा जिसके लिए वार्डवासियों द्वारा पार्षद का आभार प्रकट किया गया। वही वार्ड 6 के निवास जुगल किशोर शर्मा का कहना है कि हम पार्षद महोदय से मांग करते हैं की यह एक अच्छा काम हो रहा है वही जल्द से जल्द रोड और नाली का निर्माण भी कराया जाए।

# एमजी रोड के 6 करोड़ तीस लाख के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण का विधायक पवार ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के एमजी रोड को नया स्वरूप देने की बहुप्रतीक्षित परियोजना आखिरकार शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह जनता बैंक चौराहे पर एमजी रोड सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लगभग 6.30 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही यह परियोजना शहर की खूबसूरती और यातायात व्यवस्था दोनों को नया आयाम देगी।

कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने भूमि पूजन के दौरान कहा कि यह कार्य देवास के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि एमजी रोड का सौंदर्यीकरण व्यापक स्तर पर किया जाएगा, जिसमें अंडरग्राउंड ड्रेनेज लाइन, इलेक्ट्रिक लाइन, और आधुनिक शहरी डिजाइन शामिल हैं। उन्होंने इस परियोजना में सहयोग देने के लिए नगर निगम और व्यापारियों का आभार भी व्यक्त किया। पवार ने भरोसा जताया कि काम पूरा होने के बाद एमजी रोड अपनी नई चमक और आधुनिकता के साथ शहर की पहचान बनेगा।गौरतलब है कि नगर निगम ने पिछले माह ही एमजी रोड से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया था। सौंदर्यीकरण के बाद यह सड़क 15 मीटर चौड़ी होने से यातायात सुगम होगा और संपूर्ण क्षेत्र का लुक पूरी तरह बदल जाएगा।



### कांग्रेस नेता राहुल इनानिया की गिरफ्तारी पर रात भर थाने में डटे रहे कांग्रेस कार्यकर्ता

# कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन सौंप लगाए भेदभाव के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कांग्रेस नेता राहुल इनानिया की गिरफ्तारी बुधवार शाम खातेगांव थाना पुलिस द्वारा की गई थी, जिसके बाद गिरफ्तारी के बाद कांग्रेसी खातेगांव थाने पहुंचे और रात भर थाना परिसर में डटे रहे।गिरफ़्तारी की जानकारी लगते ही ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी बुधवार रात खातेगांव पहुंच गए और कांग्रेस कार्यकर्ताओ और किसानों के साथ खातेगांव थाना परिसर में रात भर धरने पर डटे रहे।

चौधरी का कहना है कि राहुल इनानिया किसानों की लड़ाई लड़ते हैं, उनकी समस्याओं और रेल प्रभावित परिवारों की तकलीफ को उठाते हैं ऐसे में उनकी गिरफ्तारी न सिर्फ किसानों की आवाज दबाने जैसा कदम है, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा वार भी हैथाने के बाहर बैठे कांग्रेस जनों और किसानों ने एक ही मांग रखी है-राहुल इनानिया को तुरंत रिहा किया जाए। यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और किसान सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देने के



लिए तैयार हैं। जानकारी अनुसार पुलिस राहुल इनानिया को देवास ले गई है, जिससे कांग्रेस और किसानों में और आक्रोश बढ़ गया है।इधर गिरफ्तारी के बाद देवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन खातेगांव के संदलपुर में कांग्रेस नेता राहुल इनानिया की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। कांग्रेस ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि राहुल इनानिया को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया, जबकि घटना स्थल पर अन्य लोग भी मौजूद थे। पार्टी का कहना है कि केवल कांग्रेस नेता को ही निशाना बनाया गया है, जो प्रशासन की पक्षपातपूर्ण नीति को दर्शाता है।इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी एडीएम शोभाराम सोलंकी ने स्पष्ट किया कि रेलवे द्वारा संबंधित भूमि का अधिग्रहण दो वर्ष पूर्व ही पूरा किया जा चुका है। किसानों को इसकी क्षतिपूर्ति राशि भी जारी की जा चुकी है। अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब रेलवे के कार्य को रोकना संभव नहीं है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने यह भी कहा कि रेलवे अपना कार्य जारी रखेगा। अधिग्रहित भूमि पर विरोध या बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन उनका वैधानिक अधिकार है, लेकिन यदि इससे कार्य में बाधा उत्पन्न होती है, तो कार्रवाई की जाएगी।गुरुवार शाम कांग्रेस नेता मनीष चौधरी और प्रयास गौतम ने कलेक्टर ऋतुराज से मुलाकात की और राहुल की रिहाई पर चर्चा की।

# राजस्व विभाग ने किए दो मैरिज गार्डन सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार तहसीलदार देवास नगर सपना शर्मा ने डायवर्शन शुल्क जमा नहीं करने पर बीमा रोड स्थित मालवा उत्सव गार्डन एवं साया मैरिज गार्डन को सील किया गया। तहसीलदार देवास नगर सपना शर्मा ने बताया कि वर्ष 1993 से आज तक देवास जूनियर की लगभग 28 बीघा भूमि को भूमि स्वामी इशाक, नूर, इस्माइल, इब्राहिम पिता कासम, सायरबाई पति कासम के द्वारा आवासीय मद में डाइवर्ट कराने के पश्चात भी शासन को डायवर्सन शुल्क लगभग 50 लाख जमा ना करने पर कार्यवाही की गई है।

**खबर संक्षेप**

## रुपयों के लेन-देन में कुल्हाड़ी से हमला

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम रजावन में रहने वाले शिवनारायण पुत्र ईश्वरदास शुक्ला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपने पुत्र के साथ घर पर था। तभी गांव के पवन दुबे, अंकित दुबे व सुरेन्द्र दुबे पुत्रगण ओमप्रकाश दुबे आये और उसके पुत्र विष्णु शुक्ला से पुराने रुपयों के लेन-देन को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने विष्णु के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावर पवन दुबे ने हाथ में लिये कुल्हाड़ी से विष्णु पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी उंगली कट गयी। शोरगुल सुनकर वह परिजनों साथ मौके पर पहुंचा और पुत्र को बचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## खेत से विद्युत तार हटाने को लेकर हमला

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम सुनौरी अंतर्गत मजरा खैरो में रहने वाले कृपाल अहिरवार पुत्र डरऊ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बुधवार को सुबह 9.30 बजे वह अपने खेत पर था, जहां बिजली का तार हटाने के विवाद को लेकर गांव के बृजलाल अहिरवार पुत्र श्यामा, रूक्मन पत्नी बृजलाल, आकाश पुत्र बृजलाल अहिरवार एकराय होकर आये और उसे व उसकी पत्नी लक्ष्मी, मां हरगू के साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गये और उक्त लोगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से राहगीर घायल

**ललितपुर।** थाना मड़वरा के ग्राम हंसरी निवासी हरीराम पुत्र आशाराम अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 8 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपनी पत्नी मीना के साथ मड़ावरा से ग्राम हंसरी घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार मोटर साइकिल पल्सर नम्बर यू.पी. 94 ए.एल. 2875 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि पल्सर को थाना गिरार के ग्राम कारीटोरन निवासी भगवानदास लोधी चला रहा था। दुर्घटना के बाद मोटर साइकिल भगतसिंह पुत्र दद्दू लोधी के मकान हंसरी तिराहा पर रखवा दी और भगवानदास लोधी उसे 108 एम्ब्युलेंस के जरिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### जिलाधिकारी और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने बैठाई जांच

# बिना डिग्री कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर बन 3 साल से देख रहा था मरीज

### फर्जी डॉक्टर को जानकारी होते ही ऑनलाइन इस्तीफा देकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति को लेकर सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजीव गुप्ता विगत 3 वर्षों से अस्पताल में मरीज का उपचार कर रहे थे डॉ राजीव गुप्ता की बहन ने आकर जिलाधिकारी ललितपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया जिसमें आरोप लगाया कि उसका भाई अभिनव सिंह एक इंजीनियर है मेरे पति की डिग्री डिग्री पर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजिस्ट के पद पर सरकारी नौकरी कर रहा है वह व्यक्ति मेरे पति डॉ राजीव गुप्ता की मेडिकल डिग्री के लेकर नौकरी कर रहा है जो पैसे से इंजीनियर है और फर्जी डॉक्टर बनकर मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है डॉक्टर सोनाली ने शिकायती पत्र में बताया हुआ है उसका पति और




बाय स्वयं और वह स्वयं स्वयं भी प्रैक्टिस करती हैं मेरे भाई ने मेरे पति की डिग्री का दुरुपयोग करते हुए नौकरी प्राप्त कर ली है जानकारी होने पर मैं स्वयं उपस्थित होकर स्वयं उपस्थित होकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ जानकारी शासन को दे रही है जिससे मेडिकल कॉलेज के में आने वाले मैरिज मरीज को फर्जी डॉक्टर से सुरक्षित किया जा सके बचाए जा सके जैसे ही डॉक्टर सोनाली के ललितपुर आगमन की जानकारी अभिनव सिंह को हुई उसने तत्काल ऑनलाइन इस्तीफा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक शुक्ला को भेजा और अस्पताल से फरार हो गया डॉक्टर शुक्ला ने तत्काल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया फोन स्विच ऑफ बता रहा था।

### मरीजों के साथ जीवन से खिलवाड़ किया

फर्जी डॉक्टर ने अभिनव सिंह ने 3 वर्ष में जहां सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाया वही सहस्त्र मरीजों के साथ जीवन से खिलवाड़ करता रहा कई परिवारों के मरीजो को फर्जी डॉक्टर ने मौत के मुंह में भी पहुंचाया होगा जो जांच का विषय है। मेडिकल विभाग में नियुक्ति से लेकर आज तक की इस घोर लापरवाही के तार मेडिकल कॉलेज में जमे हुए बड़े सिंडिकेट माफियाओं की ओर इशारा कर रहा है अब यह भी प्रश्न उठता है अभिनव सिंह जैसी मेडिकल कॉलेज के अन्य विभागों में भी सिंडिकेट माफियाओं का प्रभाव नियुक्तियों में और देखने को मिल सकता है जांच का विषय है। मुख्यालय की स्वास्थ्य सेवाये भगवान भरोसे चल रही है मेडीकल कालेज बनने के बाद भी यहां से मरीजो को रेफर क्यों किया जाता है यह यहां के लोगो की समझ में तब आया जब यूएसए में अपने चिकित्सक पति के साथ रह रही महिला चिकित्सक ने ललितपुर आकर अपने पति की मेडीकल डिग्री पर मेडिकल कॉलेज मे एक युवक पर कार्डियोलॉजिस्ट नौकरी करने का आरोप लगाया। महिला चिकित्सक के सनसनीखेज आरोप से ललितपुर के प्रशासनिक महकमे मे हडकम्प मच गया। शिकायत की भनक लगते ही आरोपी युवक ने आनलाइन इस्तीफा देते हुये अपना फोन स्विच आफ कर लिया। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डाक्टर राजीव गुप्ता की एमडी की डिग्री चुरा ली

*बुधवार सुबह करीब 11 बजे मेडिकल कॉलेज में पहुंची यूएसए निवासी डाक्टर सोनाली सिंह ने मेडीकल कालेज के प्राचार्य मयंक शुक्ला को एक पत्र सौंपते हुये बताया कि उसके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह ने उसके पति डाक्टर राजीव गुप्ता की एमडी की डिग्री चुरा ली है और अभिवन सिंह डाक्टर राजीव गुप्ता बन कर मेडीकल कालेज मे चिकित्सक बनकर सेवाएं दे रहे है। इस पत्र की एक प्रति जिलाधिकारी को भी सौंपी गई है। मामला संज्ञान मे आते ही मेडीकल कालेज मे अफरा तफरी मच गई। चिकित्सको के चयन के लिये बनी कमेटी सवालों के घेरे मे आ गई। महिला ने दावा किया कि इंजीनियर अभिनव जिस एमबीबीएस और एमडी की डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे है प्रशासन उनका सत्यापन कराया जाये। साथ ही सोनाली सिंह ने कहा कि जिस राजीव गुप्ता के नाम पर अभिनव यहां काम कर रहा है वे वर्तमान में अमेरिका के एक बड़े अस्पताल में कार्यरत हैं। महिला ने इसके साथ कुछ दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किए और फोटो मिलान सहित कई और बाते भी कही। शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार शुक्ला ने तुरंत जिला प्रशासन को जानकारी दी। जिला प्रशासन के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सक की डिग्री और अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।*

### मेडिकल कालेज में चिकित्सक राजीव गुप्ता बना बैठा था अभिनव सिंह

स्वास्थ्य विभाग ने हृदय रोगियों को उपचार की सुविधा देने के लिए नेशनल हेल्थ मिशन के एनसीडी सेल में कार्डियोलॉजिस्ट एवं जनरल मेडिसिन के पद के लिए विज्ञप्ति जारी की थी।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने साक्षात्कार के बाद शैक्षिक प्रमाणपत्रों की जांच की थी। सात नवंबर 2022 को अभिनव सिंह ने राजीव गुप्ता बन कर मेडिकल कॉलेज में तैनाती ली थी। अभिवन सिंह ओपीडी के साथ-साथ गहन हृदय चिकित्सा इकाई की जिम्मेदारी भी देख रहे थे। राजीव गुप्ता के जो दस्तावेज मेडीकल कालेज मे नियुक्त के समय अभिनव सिंह मे जमा कराये है उनके मुताबिक राजीव गुप्ता ने 1991 में कोलकाता मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और 1996 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) से एमडी की डिग्री हासिल की है। राजीव गुप्ता को प्रतिमाह मेडीकल कालेज से डेढ़ लाख रुपये वेतन दिया जा रहा था।

### पुलिस अधीक्षक की ईको जांच की थी

पुलिस अधीक्षक ने अपनी रूटीन चेकअप के लिए ( ई को )जांच कराई थी यह एक धनी तरंगों का उपयोग करके हृदय और उसकी रक्त वाहिनियों की चलती फिरती तस्वीर बनती है जिसमें डॉक्टर हृदय से संबंधित आकर बल भवन पंपिंग क्षमता रक्त प्रवाह की जांच कर निदान के लिए परामर्श देता है। प्रधानाचार्य स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज ललितपुर के डॉक्टर प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक शुक्ला ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मेडिकल दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी इसके लिए तीन डॉक्टरों का एक पैनल बनाकर शीघ्र जांच रिपोर्ट देने का आदेश दिया । उसके बाद की जाएगी कठोर कार्रवाई।

### जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

## बीएलओ शिक्षामित्र हेमलता कुशवाहा को एक लाख स्वीकृत हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी सत्यप्रकाश को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि हेमलता पत्नी जगदीश कुशवाहा संविलयन उच्च प्राथमिक विद्यालय टगर ब्लॉक बिरधा ललितपुर में शिक्षा मित्र के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में 4 नवंबर 2025 से बीएलओ का एसआईआर का कार्य कर रही थी। लगातार तनाव झेलते हुए विगत दिवस अचानक तवीयत खराब हो गई जिन्हें अचेत अवस्था में अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने झांसी रिफर कर दिया था, जो आईसीयू में भर्ती हैं। शिक्षा मित्रों को अल्प मानदेय 10 हजार रुपए मिलता है।जिससे उपचार कराना असंभव है।क्योंकि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है। बीएलओ आपके निर्देशन में ईमानदारी से लगातार काम कर रहे हैं, जिससे प्रदेश में सबसे अच्छा कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने तुरंत हेमलता कुशवाहा को एक लाख सहायता कोष राशि से आर्थिक सहायता देने हेतु तुरंत संबंधित अपने अधिकारी आदेश दिया गया। 50हजार की धनराशि का तत्काल चेक दिया गया। जिस पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया। जिससे उक्त बीएलओ की जान बचाई जा सके। डीएम से आह्वान किया कि शासन स्तर से बीएलओ का सरकारी बीमा एवं शिक्षा मित्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाने की मुख्यमंत्री से पहल करें। जिससे उचित इलाज करा सके। महिला एवं विकलांग शिक्षा मित्रों को बीएलओ ड्यूटी से पृथक किया जाए। जिस पर उन्होंने कहा कि आपकी मांग मुख्यमंत्री को भेजेंगे। सभी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैंस, शेरसिंह यादव, जगभान सिंह, अशोक परिहार, आशीष दुबे, रामनिवास दुवे, कीर्तिवाला, गजराज सिंह, हरिराम, शकुन बाई, सिरनाम सिंह, विजय बहादुर, रामसिंह, विजय निरंजन, कृपाल सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, वीर दुवे आदि उपस्थित रहे।

## संचालित आईटी प्रोजेक्टस पर चर्चा की गई

### संयुक्त निदेशक एनआईसी का जनपदीय भ्रमण



**ललितपुर।** एनआईसी ललितपुर कार्यालय का निरीक्षण किया गया राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र मुख्यालय भारत सरकार लखनऊ से प्रसुन पाण्डेय द्वारा अपर जिलाधिकारी ललितपुर अंकुर श्रीवास्तव से शिष्टाचार भेंट कर एनआईसी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित प्रमुख आईटी प्रोजेक्टस के सम्बन्ध में अवगत कराया गया अपर जिलाधिकारी ने एनआईसी ललितपुर द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा चुनाव ई-ऑफिस में भूमिका को सराहा इसके उपरान्त पाण्डेय द्वारा एनआईसी ललितपुर में जिला निर्वाचन कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस कार्यालय आबकारी विभाग के अधिकारीयों कर्मचारियों के साथ बैठक कर संचालित आईटी प्रोजेक्टस पर चर्चा की गयी सुझाव लिए गए पाण्डेय द्वारा बताया गया की वर्तमान एसआईआर के माध्यम से एकत्रित किये जा रहे डाटा का उपयोग भविष्य में वोटर सूची में अंतर-राजीय डुप्लीकेशन को हटाने के लिए भी किया जाएगा अंतः एसआईआर फॉर्म में वोटर की साफ़ फोटो का ही उपयोग करें उनके द्वारा बताया गया की शीघ्र ही उत्तर प्रदेश में संचालित समस्त लोकवाणी केन्द्रों का संचालन पुनः लोकवाणी सोसाइटी के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है तथा वर्तमान में डीएसपी प्रणाली को बंद किया जा रहा है इस अवसर पर अर्पित जैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, समर सिंह, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी, जावेद खान, चंद्रमणि पाण्डेय, नीरज सिंह, विपिन यादव, आवकारी निरीक्षक, प्रशांत कुमार आबकारी निरीक्षक, अंशुल खरे, ईडीएम अन्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन ने मनाया विश्व मानव अधिकार दिवस

## अधिकारों का वर्णन व मेधावी छात्रों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बचपन प्ले स्कूल में राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल, पूर्व सीएमओ डा.जे.एस.बख्शी, पूर्व मलेरिया अधिकारी डा.के.एस.यादव, पूर्व प्रधानाचार्य जनक किशोरी शर्मा, समाज सेविका अनुपमा जैन, शाखा प्रबंधक कपिल पोरवाल के मुख्य अतिथि व जिला बार एसोशिएसन पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया।




सचिव विधि न्याय मयंक जायसवाल ने कहा कि आज के दिन विश्वमानव अधिकार दिवस हमको अपने अधिकारों का पता होना चाहिए। मानव के जीवित होने से लेकर मृत्यु तक के अधिकारों का उन्होंने विस्तार पूर्वक वर्णन किया। संरक्षक मनजीत सिंह सलूजा, महामंत्री हरविंदर सिंह सलूजा, विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल जैन, एड.पुष्पेंद्र सिंह चौहान, गंधर्व सिंह लोधी, जयशंकर प्रसाद दुबे, राना रविंद्र सिंह परमार, जगदीश प्रसाद पाराशर, पं.आसाराम तिवारी, अरविंद कुमार जैन, अशोक कुमार वर्मा, अशोक कुमार मोदी, सतनाम सिंह बलवंत, सिंह राजपूत, जेपी यादव, वीरेंद्र जाटव, डा.सुरेंद्र सिंह निरंजन, अरिमर्दन सिंह राजपूत, हरिराम रजक, रमाकांत तिवारी, अरविंद संज्ञा, रमेश कुमार, अशोक कुमार, रामस्वरूप निरंजन, अशोक पेंट, राजाराम गोस्वामी, अरविंद जैन, आलोक वर्मा, सुरजीत सिंह सलूजा, राजकुमार राठौर, अरुण, सतनाम सिंह भाटिया, प्रशांत मित्तल, अलका मित्तल, सुरेश बेगी, शिवानी श्रीवास्तव, विचार जैन, मेघा जैन, राहुल जैन, सीमा चकवारा, मयूरी जैन, अर्चना चौरसिया, मोहित कुमार सिंघाई, हनीफ जैन, उमा चतुर्वेदी उपस्थित थे। संचालन मंजीत सिंह सलूजा ने व आभार अध्यक्ष अशोक कुमार स्वर्णकार ने व्यक्त किया।

# 66 पीआरडी स्वयंसेवकों ने परेड का प्रदर्शन किया, खेलों में भाग लिया

### युवा कल्याण व प्रादेशिक विकास दल का स्थापना दिवस मनाया

**ललितपुर ।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ललितपुर के तत्वावधान में जनपद स्तरीय पीआरडी स्थापना दिवस के कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ, श्रम एवं सेवायोजन, राज्यमंत्री उप्र शासन, कैलाश निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष, ललितपुर, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक ललितपुर तथा विशिष्ट अतिथि श्री शेषनाथ चौहान, मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्वान्ह 11.30 बजे, स्थान-स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर में किया गया। प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी ललितपुर द्वारा बुके भेट कर एवं बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के 66 पीआरडी स्वयंसेवकों के द्वारा परेड प्रदर्शन एवं खेल विधाओं यथा 100 एवं 400 मीटर दौड एवं रस्सा कसी विधाओं में प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर विभागीय स्वयंसेवकों द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमे प्रथम कमाण्डर की भूमिका का निर्वहन श्री शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी तालबेहट द्वारा किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर 100 मी0 दौड में प्रथम स्थान-शिवदयाल, द्वितीय-सुरेश, तृतीय लक्ष्मन लाल रहें। 400 मी0 दौड में प्रथम स्थान-सतेन्द्र, द्वितीय-शिवदयाल एवं तृतीय-पंचम, रस्साकसी मे विजेता-पंचम की टीम एवं उप विजेता-भरत की टीम आदि द्वारा प्रतिभाग कर पुरस्कार प्राप्त किया। सदर विधायक द्वारा इस अवसर पर कहा गया कि पीआरडी0स्वयंसेवक अपनी डयूटी की प्रति सतर्क रहकर तथा पुलिस के साथ कन्धे से कन्धे मिलाकर ड्यूटी करते है। पीआरडी स्वयंसेवकों को इस प्रकार के आचरण एवं व्यवहार करने के लिये कहा गया, जिससे जनपद में विभाग का नाम उज्जवल हो तथा समाज में शान्ति एवं विकास का माहौल बने, जिससे समाज में सभी लोगो के प्रगति का समान अवसर उपलब्ध हो सके। पुलिस के साथ लगातार अपनी डयूटी इस निष्ठा के साथ की जाये, जिससे अन्य लोगो को देखकर पी0आर0डी0 विभाग से जुडने का मनोवल बना रहें। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी डयूटी पूरी अनुशासन में करते है इसलिए उप्र सरकार भी उनके मनोबल बढाने हेतु समय-समय पर डयूटी भत्ता में बढोत्तरी करती है जिससे कि जवानों का मनोबल एवं अनुशासन हमेशा उच्च स्तर का रहे। मंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक डयूटी स्थल पर फिट रहकर डयूटी कर सकें इसके लिए परेड एक प्राथमिक माध्यम है। सभी जवानों को विभागीय परेड में समय-समय पर उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण मनोहर लाल पंथ, श्रम एवं सेवायोजन, राज्यमंत्री कैलाश निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष, ललितपुर, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक ललितपुर एवं शेषनाथ चौहान, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सयुक्त रूप से किया। प्रदीप कुमार, जिला युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, ललितपुर द्वारा समस्त गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पेंशनर्स दिवस 17 को कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया जाएगा

**ललितपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी के समन्वयन में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया जा रहा है। समस्त कार्यालयाध्यक्षों एवं पेंशन संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वह 17 दिसम्बर को समय दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पेंशनर्स दिवस में प्रतिभाग करें।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सिरसी के मजरा पूनागढ़ ब्रजनगर निवासी रेखा पत्नी स्व.पार सिंह अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 1 दिसम्बर को उसके पति अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.ई. 2218 से ससुर का अंतिम संस्कार करके शाम करीब 7.30 बजे गुन्देरा से लौट रहे थे। वह जखौरा बस स्टेण्ड से थोड़े आगे राजघाट रोड पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि तभी ललितपुर की ओर से आ रही तीन पहिया लोडिंग नम्बर यू.पी.94 टी 7315 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों की मदद से गांव के मलखान व रामसेवक ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। मेडीकल कॉलेज झांसी में भर्ती होने के बाद अगले दिन 2 दिसम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पति की मृत्यु हो गयी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्र-बहुओं से परेशान वृद्ध ने एसपी से लगाई गुहार

ललितपुर। मध्य प्रदेश के साई बिहार कालौनी म.नं. सी-1 भोपाल व मूल निवासी जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना चंदेरा के ग्राम सगरवारा में रहने वाले रमेशप्रसाद विश्वकर्मा पुत्र भैयालाल विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने अपने पुत्र-पुत्रवधुओं पर प्रताड़ित करते हुये सम्पत्ति को खुर्द-वुर्द करने का आरोप लगाया है। बताया कि नाराहट निवासी कुछ लोगों के साथ मिलकर एक गुट बनाये हुये हैं, जो कि उसकी 72 वर्ष की आयु में उसे खाना-पानी न देते हुये प्रताड़ित करते हैं और उसकी चल-अचल सम्पत्तियों को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा बहुओं द्वारा घरेलू हिंसा व दहेज एक्ट में फंसाने के लिए रिश्तेदारी में भी दुष्प्रचारित करते हैं। बताया कि बीती 17 नवम्बर को भी उनके द्वारा एसपी टीकमगढ़ को लिखित शिकायती पत्र दिया गया था, लेकिन उसमें न तो कोई कार्यवाही की गयी और न ही मामला दर्ज किया गया। अब पीड़ित ने एसपी ललितपुर से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### भ्रांतियों पर न करें विश्वास, राजनैतिक दल सीधे करें बात

# डीएम का नेतृत्व, एसआईआर में प्रदेश अव्वल जनपदों में ललितपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैठक की।

बैठक में एसआईआर के तहत एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में अपलोड करके समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया और कहा गया कि डाटा को अच्छी तरह से जांच लें और अगर कोई भिन्नता पायी जाती है तो संज्ञान में लाये, ताकि उसमें सुधार कराया जा सके। यह भी आग्रह किया गया कि यदि किसी का नाम सूची में नहीं है तो उसका फार्म-6 भरकर सम्बंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें। राजनैतिक दलों से यह भी कहा गया कि यदि किसी ने अपने बीएलए नियुक्त नहीं किये हैं तो शीघ्र नियुक्त करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना भेज दें। यह भी अवगत कराया कि जनपद में एसआईआर के तहत मतदाताओं का डिजिटाईजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राजनैतिक दलों से कहा कि एसआईआर के प्रति किसी भी भ्रान्तियों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया पर एसआईआर के सम्बंध में किसी भी भ्रामक सूचना को साझा करने से बचें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के सम्बंध में किसी भी समस्या के समाधान, सूचनाओं के आदान प्रदान आदि के लिए उनके दूरभाष पर बात कर सकते हैं। उन्होंने एसआईआर के संशोधित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा गणना एवं मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्थान हेतु 11 दिसम्बर, नियंत्रण तालिका का अद्यतन और मसौदा रोल की तैयारी हेतु 12 से 15 दिसम्बर, मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन हेतु 16 दिसम्बर, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 16 दिसम्बर से 15 जनवरी, नोटिस चरण के अंतर्गत नोटिस जारी करने, सुनवाई और सत्यापन हेतु 16 दिसम्बर से 07 फरवरी, मतदाता सूचियों के स्वास्थ्य मानकों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयेग की अनुमति प्राप्त करने के लिए 10 फरवरी एवं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए 14 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में समस्त राजनैतिक दलों ने जनपद में चल रहे एसआईआर के प्रति संतुष्टि जाहिर की और कहा कि वे सभी इसमें सहयोग कर रहे हैं। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में सभी बीएलओ व राजनैतिक दलों के बीएलए के साथ कार्यशाला आयोजित कर विशेष प्रगाढ़ पुट के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई दी और दूसरे चरण में भी इसी प्रकार सहयोग करने का आह्वान किया। बताया गया कि अन्मेप्ड वॉटर को नोटिस भेजने के बाद उनसे आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रपत्रों में से किसी एक की सूचना प्राप्त कर लें। यदि किसी का नाम नहीं है तो फार्म 6 भरवा लें, इस कार्य में राजनैतिक दलों के बीएलए अपेक्षित सहयोग करें।

### संबंधित व्यापारी के सभी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग

# मारपीट का मामला गर्माया, सैकड़ों किसानों ने मंडी में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में किसान से हुई मारपीट का मामला अब गर्मा गया है। बुधवार को इसी मामले को लेकर मंडी परिसर में सैकड़ों किसानो ने प्रदर्षन करते हुए व्यापारी सलीम मंसूरी और उसके परिजनों के सभी लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। किसानो ने चार दिनों के भीतर कार्रवाई नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी जारी की है। इस दौरान किसानो ने इस घटना की कड़े शब्दो में निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी भी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहित पुलिस प्रषासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होने किसानो को समझाईष दी। तब जाकर कही मामला शांत हुआ लेकिन किसान व्यापारी के लाईसेंस निरस्ती की मांग पर अड़े हुए है।




श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय
नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र.)
विषय : सलीम ट्रेडर्स का लायसेन्स निरस्त करने उनके अतिक्रमण हटाने हेतु प्रार्थना पत्र।
महोदय,

#### किसान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

मारपीट के खिलाफ किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें सलीम टेडर्स का मंडी लायसेंस निरस्त करने की मांग की एवं उसके द्वारा मंडी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर भी प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि सलीम टेडर्स के पास 4 लायसेस है जिनके आधार पर यह मंडी का काम करता है

#### बोली में लगाया ज्यादा भाव - तौल कांटे पर पहुंचकर किया कम

किसान संगठन ने अपने ज्ञापन में बताया गया कि सलीम टेडर्स द्वारा मंडी में किसान की फसल का भाव अधिक लगाकर उसे बुक कर लिया गया और तौल कांटे पर जाकर भाव कम करने से यह विवाद बढ गया इसमें नाईहेडी के किसान के साथ सलीम ट्रेडर्स के संचालक एवं उसके परिजनों ने मारपीट कर दी जिससे किसानों में आक्रोश बढ गया।

#### इनका कहना है...

मंडी व्यापारी द्वारा किसान से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है। लाइसेंस निरस्ती को लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर रहे है। जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

- सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़

## किसी को नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकी

**राजगढ़।** क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में जिले में चल रहे सड़कों एवं अवसरंचना कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित इंजीनियरों, सब-इंजीनयरों के कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यों में लापरवाही बरतने वालों में से किसी को शोकाज नोटिस तो किसी की वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा सहित जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुपस्थित उप-अभियंता सुनील सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी तरह उप-अभियंता दिवाकर दुबे के कुछ कार्य अत्यंत धीमी गति से चलने पर उनकी वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए। उप-अभियंता अनिल जालौन को भी कार्यों की धीमी प्रगति पर शोकाज नोटिस जारी किया गया। संजीव वर्मा की बैठक में अनुपस्थिति तथा लगातार 15 दिनों से कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध सेवा समाप्ति संबंधी नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह उप-अभियंता जीतेंद्र उमठ एवं सहायक अभियंताओं की विभिन्न लापरवाही पर उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

### एक दिन पूर्व ही पकड़ाया था जुआ का अड्डा

## खुजनेर थाना प्रभारी यादव समेत 1 आरक्षक लाइन अटैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶. राजगढ़

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने खुजनेर थाना प्रभारी शिवचरण यादव समेत थाने में ही पदस्थ आरक्षक दिलीप प्रजापति को तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया है। एसपी श्री तोलानी द्वारा जारी आदेश में उक्त कार्यवाही के संबंध में भलेंही प्रशासनिक कार्यसुविधा का हवाला दिया गया है लेकिन आमजनों द्वारा इसे खुजनेर क्षेत्र में चल रहे जुएं के बड़े अड्डे के संचालन से जोड़कर देखा जा रहा है।

आपको बतादें कि मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी को विश्वसनीय सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के बाद खुजनेर थानाक्षेत्र के गोपालपुरा गांव के एक खेत में ताश की बड़ी फड़ पर दबिश दी गई थी। जिला पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में पुलिस की इस दबिश के दौरान 20-22 लोग जुआं खेलते पाए गए थे जिनमें से कईं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे वहीं 04 लोगों को पुलिस ने 80 हजार रुपए नकदी सहित ताश की कई गड्डियों के साथ पकड़ा था। मौके से 22 मोटर साइकिलें भी जब्त की गई थी। ये बाईकें उन्हें जुआरियों की बताई जा रही हैं जो वहां ताश खेल रहे थे और पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हुए थे।

#### खुजनेर पुलिस को बड़े क्राइम की भनक तक नहीं

इतनी बड़ी संख्या में जुआरियों का एक ही अड्डे पर जुआं खेलना और खुजनेर पुलिस को इसकी भनक तक न लगना कहीं न कहीं जुआरियों से संलिप्तता उजागर करता है। संभवतः इन्हीं कारणों से एसपी तोलानी ने टीआई शिवचरण यादव को लाईन अटैच करने की कार्यवाही की है। हालांकि, जारी आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं है।

### सभी सेवानिवृत्तों को प्रदान किए पीपीओ, सम्मान के साथ विदाई

## नवंबर में जिले के विभिन्न विभागों से 22 लोकसेवक हुए रिटायर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले में ही एक समय ऐसा था जब सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य सत्वों के भुगतान के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर लगाना पड़ते थे। कईं मामलों में तो कर्मचारियों को न्यायालय का सहारा तक लेने के उदाहरण जिले में हैं, तब कहीं जाकर उन्हें पेंशन उपरान्त मिलने वाले हक उन्हें मिल पाए।

लेकिन, अब अब जिला प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न सत्वों के भुगतान की प्रक्रिया न केवल बेहद सरल कर दी है। अब रिटायर्ड कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दिनांक को ही उनके पीपीओ प्रदान कर अन्य सत्वों का भुगतान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत नवंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 22 अधिकारियों, कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा पीपीओ प्रदान शॉल, श्रीफल इत्यादि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

#### ये अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

नवंबर में रिटायर्ड हुए लोकसेवकों में शिक्षा विभाग के अशोक कुमार शर्मा, चन्द्रकला नारोलिया, मनोरमा चैरसिया, अर्जुन सिंह चैहान, ओमप्रकाश शर्मा, गुलाब शाक्यवार, शिवनारायण सौधिया, इन्द्रा शर्मा, गीता जोशी, घनश्याम शर्मा, सुधा, निगार सुल्ताना, कैलाश सिंह, श्रीमति प्रेमबाई मेहर, कमल सिंह बडगोटा, अर्जुन कुमार वात्रे, निर्मला पंवार, बीरम सिंह मरमट, कमल किशोर शर्मा, ओमप्रकाश सेन, स्वास्थ्य विभाग से उमा मेवाडे, रामनिवास त्यागी, जल संसाधन से प्रकाश कुमार हलवा, दिनेश गुप्ता, पीएचई से ब्रजेश शर्मा, कौशल्या बाई, आदिम जाति कल्याण विभाग से सज्जन सिंह चन्द्रावत, पुलिस विभाग से अनूप शर्मा लाखन सिंह शामिल हैं।

### पुलिस पंचायत में विवादों से निजात

## छलका दर्द, वृद्धों को मिल रही राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बुधवार को हुई पुलिस पंचायत में वृद्ध दंपत्तियों के साथ प्रताड़ना के मामले पहुंचे। एएसपी प्रशांत चौबे सहित सदस्यों ने ध्यान से सुना और समाधान निकालाद्ध

एक मामला आया कि एक वरिष्ठ महिला ने शिकायत की कि उनकी पट्टे की जमीन पर तोड़फोड़ कर कब्जा कर लिया गया है और बेटा भी कब्जाधारियों का साथ दे रहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद समाधान निकला। आवेदिका ने राशि लेने पर सहमति दी और दो दिनों में भुगतान तय हुआ। दूसरे मामले में बेटे की अनावश्यक मांगों से तंग बुजुर्ग दंपत्ति पहुंचे। उनका बेटा बार-बार रुपये, वाहन की मांग करता है। बेटे को समझाया कि माता-पिता की सेवा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। समझाइश के बाद बेटे ने किसी भी प्रकार की मांग न करने पर सहमति दी और मां-पिता के चरण स्पर्श किये। इसी प्रकार बेटी-दामाद व नाती से उत्पीड़न से तंग अत्यधिक वृद्ध दम्पत्ति पहुंचे। बुजुर्ग ने बताया बेटी, दामाद और नाती द्वारा झगड़ा-मारपीट करते हैं। सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया। समझाइश से भविष्य में विवाद न करने तथा बुजुर्गों को परेशानी में तुरंत मदद देने पर सहमति दी।

### आठ दिन में व्यवस्था सुधारने प्रशासन ने कसी कमर

## लेन मोहल्ले में शिफ्ट हांगे हाथ ठेले बीच सड़कों से हटेंगे कंडम वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को थाना परिसर में प्रषासनिक अधिकारियो और जनप्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर अव्यवस्थाओं के सुधार पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य बाजार में बीचो बीच सड़क पर खड़े हाथ ठेलो का मुद्दा छाया रहा। जिसको लेकर अब प्रषासन बाजार से हाथ ठेले हटवाकर उन्हे लेन मोहल्ले में स्थान दिए जाने की कार्रवाई सुनिष्चित कर रहा है। इसके साथ ही बीच सड़को पर खड़े वाहन, कंडम वाहन को भी सख्ती से हटवाया जाएगा। प्रषासनिक अधिकारियो ने नगर के सुभाष चैक में भी बीच सड़को पर हो रहे अतिक्रमण को भी हटवाए जाने का निर्णय लिया है। प्रषासनिक अधिकारियो ने आठ दिन के भीतर सभी व्यवस्थाऐं सुनिष्चित किए जाने की बात कही है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी मिनी शुक्ला, तहसीलदार विराट अवस्थी, सीएमओ अभिषेक जैन, थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी और आमजन मौजूद थें।

**बैंक के सामने सड़को पर पार्क नही होंगे वाहन** -शहर के मुख्य मार्गो पर बीच सड़को पर वाहन खड़ा न करने की हिदायत देने के लिए प्रषासन शहर में मुनादी करवा रहा है। उन्होने नियत समय सीमा में सड़क पर खड़े कंडम वाहनो को नही हटवाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की बात कही है।

#### इनका कहना है...

शहर में बिगड़ती व्यवस्थाओं को सुधार के लिए बैठक आयोजित कर सामूहिक निर्णय लिए गए है। हाथ ठेलो को लेन मोहल्ले में जगह दी जाएगी। सड़क से अतिक्रमण हटाकर पार्किंग के लिए भी जगह तलाष रहे है। नागरिको से भी व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की है।

- सुशील कुमार एसडीएम नरसिंहगढ़

## जीआरपी ने गुम हुई 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेटे से मिलाया



**ब्यावरा।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली जीआरपी ब्यावरा ने महज 24 घंटे के भीतर गुमशुदा 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को तलाशकर उनके बेटे से मिलाया। घटना के अनुसार ग्राम सुबेदारपुरवा उत्तर प्रदेश निवासी मनोज कुमार अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 19168 साबरमती एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान मनोज की मां कामती देवी (60 वर्ष) बाथरूम जाने के लिए कहकर गईं, लेकिन नहीं लौटीं। सहयात्रियों से जानकारी मिली कि वे अचानक स्टेशन ब्यावरा पर उतर गई थीं। बेटे की रिपोर्ट पर थाना जीआरपी ब्यावरा ने गुम इंसान दर्ज कर खोज अभियान शुरू किया। शहर के प्रमुख स्थानों, थानों, मीडिया संस्थानों और डायल-100 को सूचना प्रसारित की गई। पुलिस की सतर्कता रंग लाई जब थाना देहात ब्यावरा को सूचना मिली कि एक बुजुर्ग महिला इंदौर नाके के पास टोल प्लाजा पर दिखाई दी हैं। डायल-100 की मदद से उन्हें सुरक्षित थाना लाया गया। बाद में बेटे मनोज कुमार को बुलाकर पहचान कराई गई और पुलिस टीम ने कामती देवी को सकुशल उनके परिवार को सुपुर्द कर दिया। जीआरपी की कार्रवाई से रेल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

मानव अधिकार दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बोले

## 'मानव अधिकार तभी सुरक्षित जब इंसानियत दिलों में जिंदा रहे'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जब तक हम व्यक्ति को व्यक्ति नहीं समझते तब तक मानवाधिकार सिर्फ किताबों तक सीमित रहेंगे। इसी संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को मानवाधिकार दिवस मनाया।

संस्था के नए कोहॉर्ट के पीस वॉलंटियर्स ने सम्मिलित होकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों की गहराई से समझ विकसित की।कार्यक्रम के आरंभ में समाज में बढ़ती असमानताओं, भेदभाव, हिंसात्मक घटनाओं और कमजोर वर्गों के प्रति हो रहे अन्याय पर चर्चा से हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में युवा जागरुकता ही सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है।

यदि समाज चुप रहेगा, तो अन्याय और अत्याचार और बढ़ेंगे। इसलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह अन्याय और कुरीतियों के खिलाफ खड़ा हो। सत्र के दौरान महिलाओं, बच्चों, युवाओं और पुरुषों पर होने वाली हिंसा, शोषण, उत्पीड़न और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने बताया कि ग्रामीण और वंचित समुदायों में बाल-विवाह एवं बाल सगाई आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं, जो मानवाधिकारों के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।

**समानता, न्याय और गरिमा-मानवाधिकारों की बुनियाद**- कार्यक्रम में युवाओं को मानवाधिकारों के चार मूल स्तंभ-समानता, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार का भेदभाव नकारना, कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना और समाज में समान अवसर उपलब्ध कराना जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। संस्था के अरुण सातालकर ने कहा कि अधिकारों की समझ तभी सार्थक है, जब नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।

## जादू नहीं, विज्ञान है- शासकीय सांदीपनि विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के सभागार में बुधवार को जादू नहीं, विज्ञान है विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य समाज में फैली अंधविश्वासी प्रथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाना और उनका वैज्ञानिक आधार उजागर करना था। कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से ढोंगी बाबाओं, गुनिया, ओझा तथा पाखंडी तंत्र-मंत्र के कथित चमत्कारों का पर्दाफाश किया। जिनमे पानी में आग लगना, नारियल से धुआं निकलना, भूत-प्रेत और चुड़ैल संबंधी भ्रांतियां , नींबू से खून निकलने का भ्रम, कोरे कागज पर प्रेतात्मा का नाम लिख जाना,पीलिया रोगी के हाथ से पीला रंग निकलना, पानी से भरा गिलास थाली से चिपक जाना आदि शामिल थे। जिनका बच्चों ने रासायनिक अभिक्रियाओं और वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर तार्किक खुलासा किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, प्राचार्य बी. डी. सक्सेना, शिव वैध, रमेश मालवीय, सत्येन्द्र राठौड़, भरत झवर, अभिषेक गुप्ता, मुन्ना साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महाराजा मेहताब सिविल अस्पताल के हाल-बेहाल

**ब्यावरा।** ब्लड प्रेशर बढने के बाद अचेत अवस्था में अपनी पत्नी को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पति का 1 घंटे से ज्यादा परेशान होना पडा तब कहीं जाकर उनकी पत्नी को प्राथमिक उपचार मिल पाया। मामला मंगलवार की शाम 5 बजे का है जब अफरोज बी को उनके पति द्वारा अचेत अवस्था में सिविल अस्पताल ले जाया गया। परंतु वहां पर ओपीडी में अधिकतर डॉक्टर उपस्थित ही नहीं थे सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल चल रहा है। उनके पास पहुंचते पहुंचते 1 घंटा 15 मिनट हो गए तब कहीं जाकर बेहोशी की हालात में पहुंच चुकी अफरोज को इलाज मिल पाया। लेकिन इससे सरकारी अस्पताल में चल रही लापरवाही की पोल जरूर खुल जाती है कि कोई देखने वाला नहीं है।

## पर्यटन स्थल पहुंचकर बच्चों ने खूब उठाया लुत्फ



**जीरापुर।** महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के विधार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल आनंद का शहर मांडवगढ़ जो खूबसूरत पर्यटक स्थल के लिए विख्यात है उसी के साथ धार्मिक स्थल महाकाल दर्शन एवं महाकाल लोक, जहाज महल, रूपमती महल , हिंडोला महल, इको प्वाइंट के बारे में गाइड द्वारा मांडव के इतिहास को समझाया तथा बच्चों को इससे मिलने वाली जानकारी से अवगत कराया गया। जहां पर प्राचीन महल निर्माण में सीमेंट की जगह चूना से तैयार 10 प्रकार की सामग्री मिलाकर निर्माण होता था जो मजबुती पर प्रकाश डाला। भ्रमण दल में प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी , खेल शिक्षक महेंद्रसिंह सोनगरा , रामेश्वर बरदानियां , दिलीप राठौर , राधेश्याम तोमर , अंकुश भावसार , कृपाल सोलंकी , जितेंद्र कारपेंटर सहित शिक्षिका भी भ्रमण दल में शामिल हुए। बच्चों ने आनंद ओर उत्साह के साथ भ्रमण किया।

### देश का पहला प्लांट का मिला था गौरव, टाटा बीपी ने किया था स्थापित

## 100 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्लांट देखरेख के अभाव में बना खंडहर

3 करोड 60 लाख की लागत से जैतपुरा में लगाया गया यह आधुनिक प्रोजेक्ट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैतपुरा

लगातार हो रही बिजली की कमी और आमजनता की जेब पर बढता उसका बिल ऊर्जा के क्षेत्र में दूसरे प्रयोगों के उपयोग की जरूरत को बल देता है। इसीलिए आज नए नए प्रयोंगो द्वारा विंड एनर्जी एवं सौर ऊर्जा के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। को दूर करने के लिए 1997-98 में जिले के खिलचीपुर जनपद में देश का पहला सौर ऊर्जा प्लांट जैतपुरा में स्थापित किया गया। जिससे 100 किलोवाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होता था जिसको विधुत विभाग के ग्रिड से जोड दिया गया था और बिजली की ग्रामीणों तक पहुंचती थी।

इस सौर ऊर्जा प्लांट का मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी पहली पारी में स्थापित किया था और जिसका स्टॉलेशन जैतपुरा में टाटा बीपी कंपनी द्वारा 3 करोड 60 लाख की लागत से किया गया था परंतु देश का प्रथम सौर ऊर्जा कहा जाने वाला यह प्लांट 2007 में बंद हो गया और आज इसकी स्थिती यह है कि वह एक जंगल बन गया है।

#### प्रत्यक्षदर्शी बोले - कम पैसे में मिल जाती थी बिजली

उस समय सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले प्रत्यक्षदर्शियों में गणेश सेन बताते है कि कई गांव सौर ऊर्जा का उपयोग कर लाभांन्वित होते थे परंतु चलता हुआ यह सौर ऊर्जा प्लांट देख रेख के अभाव में बंद हो गया।

#### एक बार फिर बढ़ने लगा सौर ऊर्जा का महत्व

सरकार ने एक बार फिर सौर ऊर्जा पर जोर देना शुरू कर दिया है जिसमें सरकार सब्सीडी देकर सौर ऊर्जा के उपयोग का बढाना चाह रही है जिससे हाइड्रो पावर और थर्मल प्लांट पर बढ रहा विधुत लोड को कम किया जा सके। इसी बात को देखते हुए 3 दशक पूर्व जिले में पहले सौर ऊर्जा प्लांट की नींव रखी गई थी परंतु प्रशासन व शासन की कमी से जैतपुरा सौर प्लांट बंद हो गया।